divyahimachal.com
सूर्योदय 6:07 सूर्यास्त 6:50
शिमला 19° 11°
सोना 29,900 चांदी 43,600
बीएसई 22,629 निफ्टी 6776
सुनवाई टली { खेलकूद पेज 10

शिमला
शनिवार, 12 अप्रैल, 2014
30 चैत्र, 2071
वर्ष 11, अंक 112
पृष्ठ 12+6+4 ₹ 4.50
RNI NO. HP HIN/2003/11579

दिव्य हिमाचल

देवभूमि का अग्रणी समाचारपत्र

▪ धर्मशाला ▪ शिमला ▪ चंडीगढ़

छात्रों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग पर टिप्स

ठियोग – जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग में शुक्रवार को स्पोकन टुटोरियल कार्यशाला का आयोजन वीडियो कान्फ्रेंसिंग आईआईटी मुंबई द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के जमा दो कक्षा के छात्र व छात्राओं को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और सभी ने इस संदर्भ दो घंटे का व्याख्यान ग्रहण किया। इस दौरान छात्र व छात्राओं से इस विषय में फिडबैक भी लिया गया। विद्यालय के अध्यापक अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मिशन सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय द्वारा प्रौद्योगिकी शिक्षा को ओपन सेंसर सॉफ्टवेयर के माध्यम से विस्तृत करने हेतु चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्यशालाएं अभी तक विश्वविद्यालय व महाविद्यालय में ही आयोजित की जाती रही हैं और प्रदेश में यह पहला मौका है, जब इस कार्यशाला का आयोजन विद्यालय में किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान कार्यशाला के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या कामना गुप्ता, मराठी अध्यापक राजेश मोरे, योगेश कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।